पौष शुक्ल पक्ष प्रतिपदा विक्रम संवत 2080
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली, शुक्रवार, 12 जनवरी 2024
वर्ष 5, अंक 56, पृष्ठ 16
मूल्य 6 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण
अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार

PAGE NO : 04 TOP

# एसआरएमएस अकादमी ने बरेली क्लब को हराया

**बरेली ,अमृत विचार :** अल्मा मातेर स्कूल के क्रिकेट ग्राउंड पर अंडर- 12 क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी और बरेली क्लब के बीच मैच खेला गया। जिसमें एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी ने बरेली क्लब को सात विकेट से हराया।

एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया । पहले बल्लेबाजी करते हुए बरेली क्लब ने निर्धारित 35 ओवरों में आठ विकेट खोकर 130 रन बनाए। जिसमें आयुष कुमार ने 36, संदीप ने 22 और रचित ने 18 रनों का योगदान दिया। एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी के गेंदबाज अंशुमन और रिजवान ने दो-दो और अभिमन्यु और हर्षित ने एक-एक विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी की टीम ने 20.5 ओवरों में ही तीन विकेट खोकर जीत हासिल की। इसमें अंशुमन कश्यप ने नाबाद 36, विजय गंगवार ने नाबाद 29 और अभिमन्यु ने 28 रन बनाए। बरेली क्लब के गेंदबाज दीपक राठौर ने दो और नव ने एक विकेट लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच अंशुमन रहे। मैच में अंपायरिंग दिलनवाज अहमद और अनुज चौहान ने की। इस दौरान एसआरएमएस अकादमी के कोच मनीष सिंह और अनुज शर्मा, बरेली क्लब के कोच अनंत भटनागर, योगेश आर्य उपस्थित रहे। टूर्नामेंट सचिव विपिन कुमार के अनुसार शुक्रवार को अल्मा मातेर क्रिकेट अकादमी और क्रिकेट नर्सरी के बीच मैच खेला जाएगा।